केनरा लाइफ ने पेश किया बच्चों के लिए

'स्मार्ट जूनियर प्लान'

मुंबई, का. सं. निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी केनरा एचएसबीसी ओबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने बच्चों के लिए एक अनूठा बीमा उत्पाद 'स्मार्ट जूनियर प्लान' पेश किया है, ताकि बच्चों के भविष्य की शिक्षा के साथ ही भविष्य दुर्भाग्य से यदि उसके माता पिता (लाइफ एस्योर्ड) के बाद प्लान के अनुसार गारंटेड वार्षिक भुगतान मिलता रहे और बच्चे की शिक्षा जरूरतों को पूरा किया जा सके.

बच्चे की शिक्षा के लिए होगा गारंटेड पेमेंट

केनरा लाइफ के सीईओ अनुज माथुर ने कहा कि स्मार्ट जूनियर प्लान प्रत्येक युवा माता-पिता की सबसे प्रमुख आवश्यकताओं को पूरा करेगा. 'स्मार्ट जूनियर प्लान' के तहत ग्राहकों को पॉलिसी के अंतिम पांच वर्ष तक सुनिश्चित राशि के 20 प्रतिशत के बराबर राशि का भुगतान पॉलिसी के परिपक्व होने तक एवं सभी बकाया प्रीमियम के भुगतान होने की दशा में दिया जाएगा. यह गारंटेड भुगतान को बच्चे की भविष्य की शिक्षा के वित्तपोषण के उपयोग में लिया जा सकेगा. इस प्लान में कई और खूबियां भी हैं. केनरा लाइफ इंश्योरेंस भारत में केनरा बैंक, एचएचबीसी और ओरियंटल बैंक की 8,000 से अधिक शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से 60 मिलियन ग्राहक आधार है.